PART - I

| Paper Code |
| --- |
| P-4 |

403185

3

DATE PLEASE READ CAREFULLY
परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें
Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll
en even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God
ords, number
examination o
for which the c
कहीं पर भी पह
XYZ, ABC, अ
ंक, आदि भी न
ो जाकर भविष्य

NT INSTRU
Answer Bookle
ो प्रश्नोत्तर पुस्ति
or not printed
lator and chang

या अमुद्रित है या
र्थी का होगा।
y on Cover She
deduct 5 marks

कवर पृष्ठ पर स
आयोग द्वारा प्राप्
in which some
over Sheet is n
य सूचनाएँ पूर्वमु
क्षतिग्रस्त नहीं ह
rent units and p

जित है। प्रत्येक य

e either of print
reated as stan
द्रण या तथ्यात्मक

glish, not in bot
indi or English
ह में दीजिये, दोन
अलग से हिंदी
rs only in the p
the border line
किसी भी प्रश्न का
बाहर लिखे गये उ
swers beyond th
अधिक नहीं लिख
stion out of ma

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
| --- | --- | --- |
| Unit-I-A | 50 | 33 |
| Unit-I-B | 50 | 21 |
| Unit-I-C | 20 | 8.5 |
| Unit-II-A-A | 10 | 6 |
| Unit-II-A-B | 2 | 1 |
| Unit-II-A-C | 1 | 1 |
| Unit-II-A-D | 2 | 1 |
| Unit-II-A-E | 2 | 2 |
| Unit-II-A-F | 2 | 1 |
| Unit-II-B-A | 10 | 1.75 |
| Unit-II-B-B | 10 | 0.5 |
| Unit-II-B-C | 10 | 1 |
| Unit-II-C | 30 | 11.5 |
| Unitt-II-A-C | 1 | 1 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 90.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Ninety+ ¼ |

ा विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
रा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
n shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

D
N
ar
ac
th
प्र
टि
अ
म
ज

वि
अ
का
Sp
If
id

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोट:**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER – IV
# GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

## Unit – I
## (यूनिट – I)
## सामान्य हिन्दी

(120 Marks)
(120 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 50
अंक : 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
   (i) देवी + अवतरण = (ii) क्षीर + ओदन =
   (iii) नि + स्नात = (iv) दिक् + गज =

i) देव्यवतरण ii) क्षीरोदन
iii) निष्णात iv) दिग्गज

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-1)

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए –
   (i) विक्रमाब्द = (ii) हृषीकेश =
   (iii) प्रमाण = (iv) कोणार्क =

i) विक्रम + अब्द ii) हृषीक + ईश
iii) प्र + मान iv) ~~कोणा~~ कोण + अर्क

2(Two)
(Q.Unit-I-A-2)

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
(i) तत् + मय = (ii) मातृ + आज्ञा =
(iii) प्रति + छाया = (iv) शरत् + ज्योत्स्ना =

i) तन्मय ii) मात्राज्ञा

iii) प्रतिच्छाया iv) शरज्ज्योत्स्ना

2(Two)
(Q.Unit-I-A-3)

4. निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो–दो शब्द बनाइए –
(i) औ =
(ii) अधि =

i) औषध, औषधि

ii) अधिनियम, अधिनायक

1(One)
(Q.Unit-I-A-4)

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग पृथक् कीजिए –
(i) अभिज्ञ = (ii) पर्याय =
(iii) प्रतीक्षा = (iv) अत्यल्प =

i) अभि + ज्ञ ii) परि + आय

iii) प्रति + ईक्षा iv) अति + अल्प

2(Two)
(Q.Unit-I-A-5)

6. निम्नांकित प्रत्ययों का संयोग करते हुए दो–दो शब्द बनाइए –
(i) इल =
(ii) हार =

~~i) मरियल, दाढ़ियल~~

i) कुंभिल, स्नेहिल

ii) परिहार, खेवनहार

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-A-6)

7. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक् कीजिए –
(i) श्रद्धालु =
(ii) कनौती =

i) श्रद्धा – आलु

ii) कन – औती

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-7)

8. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) पक्षी =
(ii) स्वर्ण =

i) खग, विहंग

ii) सोना, हेम

2(Two)
(Q.Unit-I-A-8)

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) सखी =
(ii) उन्नति =

i) सहेली, आली

ii) प्रगति, उत्कर्ष

2(Two)
(Q.Unit-I-A-9)

10. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) दण्ड = (ii) ऋत =
(iii) समास = (iv) ग्राह्य =

i) पुरस्कार ii) अनृत

iii) व्यास iv) त्याज्य

2(Two)
(Q.Unit-I-A-10)

11. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) विधिसम्मत = (ii) तिरस्कार =
(iii) संश्लेषण = (iv) अनिर्वचनीय =

i) विधिविरुद्ध ii) सम्मान ✗

iii) विश्लेषण iv) वचनीय

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-11)

12. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) षष्टि–षष्ठी =  (ii) तर्क–तक्र =

i) साठ (संख्या) – छः (संख्या)

ii) विवाद – छाछ

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-12)

13. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) क्षति–क्षिति =  (ii) आभरण–आमरण =

i) हानि – पृथ्वी  ii) गहना – मरने तक

2(Two)
(Q.Unit-I-A-13)

14. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) जो व्यक्ति बहुत बोलता हो
(ii) विरोध न होने पर भी विरोध दिखाई पड़ना

i) वाचाल

ii) विरोधाभास

2(Two)
(Q.Unit-I-A-14)

15. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) धरती का वह भाग जिस पर कुछ भी उत्पन्न नहीं होता
(ii) अपने प्रति किए गए उपकार को न मानने वाला

i) ऊसर
ii) कृतघ्न

2(Two)
(Q.Unit-I-A-15)

16. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) प्रज्जवलित = (ii) गणमान =
(iii) भत्स्र्ना = (iv) नुपूर =

i) प्रज्वलित ii) गण्यमान्य
iii) भर्त्सना iv) नूपुर

2(Two)
(Q.Unit-I-A-16)

17. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) चन्द्रमोली = (ii) संग्रहित =
(iii) सुश्रूषा= (iv) पशचाताप =

i) चन्द्रमौलि ii) संगृहीत
iii) शुश्रूषा iv) पश्चाताप

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-17)

18. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को बाँट दिया।

i) बसन्त में फूलों को खिलने से कौन रोक सकता है?

ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को दान कर दिया।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-18)

19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वह अपना भाग्य कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था तब घटी थी।

i) वह अपना दुर्भाग्य कोस रहा है।

ii) यह दुखद घटना तब घटी, जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-19)

20. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) खेला खाया होना (ii) घर सिर पर उठाना

i) हरीश, तुमने रमेश को व्यापार में साझीदार तो बना लिया, किन्तु सतर्क रहना, वह इस व्यापार में बहुत खेला खाया हुआ है।

1(One)
(Q.Unit-I-A-20)

ii) पिता, अपने बच्चों को डाँटते हुए, अब बस भी करो! चार घण्टे से घर सिर पर उठा रखा है।

1(One)
(Q.Unit-I-A-20)

21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) बारह बाट होना (ii) धूल उड़ाना

i) शीत युद्ध के समाप्त होते-होते सोवियत संघ के बारह बाट हो चुके थे।
ii) इन वकीलों के चक्कर में कब तक पैसा धूल की तरह उड़ाते रहोगे, अब दोनों भाई समझौता कर ही लो।

1(One) (Q.Unit-I-A-21)

0 (Zero) (Q.Unit-I-A-21)

22. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) भेड़ की लात घुटने तक
(ii) घर के पीरों को तेल का मलीदा

i) यूक्रेन आखिर कब तक रूस से टक्कर ले सकता है, रूस के लिए तो यह भेड़ की लात घुटने तक जैसा ही रहेगा ना।
ii) सुरेश बेरोजगार है तो घर में भी इज्जत नहीं मिलती, जबकि रामू (मित्र) निजी कंपनी में छोटी नौकरी होने पर भी सुरेश के घर सम्मान पाता है।

0 (Zero) (Q.Unit-I-A-22)

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
(ii) नानी कुँआरी मर गयी, नवासे के नौ–नौ ब्याह।

i) मैंने पहले ही कहा था, रामू भरोसे के लायक व्यक्ति नहीं, अब धोखा खाकर तो समझो कि - ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
ii)

0.5(Zero½) (Q.Unit-I-A-23)

24. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –
(i) JUDICIAL ENQUIRY (ii) RANDOM

i) न्यायिक जाँच ii) यादृच्छिक

2(Two)
(Q.Unit-I-A-24)

25. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –
(i) TRANSCRIPTION (ii) OVERSIGHT

i) लिप्यंतरण ii) निगरानी में रखना

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-25)

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए –

साहित्य और वाङ्मय से जो कुछ हमें प्राप्त होता है वह मानसिक समृद्धि है, मानसिक स्वास्थ्य है, मानसिक संस्कृति है। साहित्य हमारे मन की निरंतर चिकित्सा करता रहता है, निरंतर कर्षित–परिष्कृत करता रहता है और उसमें निरंतर प्राणबीज उगाता रहता है। हमारी सारी सप्राणता को जाग्रत और चिर युवा रखना या उसे क्षयग्रस्त–कामलुब्ध विकल रखना, दोनों की क्षमता साहित्य और वाङ्मय के पास है। इसका सदुपयोग हो तो यह एक अपूर्व मानसिक चिकित्सा है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानो ऋतंभर मानस–ज्योतियों को तैल–समर्पण है। साहित्य और वाङ्मय एक मानसिक ऋद्धि के स्त्रोत हैं। युग के हृदय में तह पर बैठी निराशा के भीतर पॉल वालेरी ने गहराई से उतर कर देखा था। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा है, "वाङ्मय एवं वाङ्मय के पंडितों की नियति कोई मामूली प्रश्न नहीं, क्योंकि इस 'नियति' से जुड़ी है संपूर्ण मनुष्य जाति के मन की 'नियति'। साहित्य और वाङ्मय के तिरस्कार का सीधा अर्थ होगा मनुष्य के मन का तिरस्कार और फलतः एक अपमानवीकरण।

1(One)
(Q.Unit-I-B-1)

शीर्षक : साहित्य और वाङ्‌मय के प्रभाव

संक्षिप्तीकरण: साहित्य और वाङ्मय की प्रभावशीलता से हमारी मानसिक समृद्धि, स्वास्थ्य एवं संस्कृति निर्मित होती है। श्रेष्ठ साहित्य का चिंतन करना सदैव अच्छा है, वहीं हमारे मन को क्षुब्ध करने की ताकत भी साहित्य में होती है। वाङ्मय के सम्मान से मानव मन को श्रेष्ठ संस्कारों से पोषित किया जाना चाहिए। यही मन की समृद्धि तथा शांति का मार्ग है।

2(Two)
(Q.Unit-I-B-1)

लगभग 45 शब्द

2. निम्नांकित पंक्ति का भाव–विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10
'हिंसा बुरी चीज़ है पर दासता उससे भी बुरी है।'

इस सूक्ति के माध्यम से लेखक हिंसा की आलोचना करता है साथ ही दासता अर्थात् गुलामी को हिंसा से भी घृणित बताया गया है। महात्मा गाँधी भी सदैव अहिंसा की पैरवी करते थे किन्तु साथ ही उनका यह भी कहना था कि हिंसा और कायरता में से मुझे कोई एक पक्ष चुनना पड़े, तो मैं कायरता को त्याग हिंसा का पक्ष चुनूँगा।

गुलामी का कोई भी प्रकार हो यह सदैव शोषित की हीनभावना को बढ़ा देती है तथा शोषक के इरादों को बुलंद करती है। इसीलिए महान विचारक मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि –" अन्याय सहना और अन्याय करना दोनों ही समान दोषी के कार्य हैं।"

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों दासता के बेड़ियों को तोड़ने के लिए ही हिंसा का मार्ग अपनाया तथा खुदीराम बोस, प्रफुल्ल चाकी, बटुकेश्वर दत्त, भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद, वीर सावरकर इत्यादि ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर स्वतंत्रता की अलख को जगाए रखा, जिसने भारतीयों के मन में दासता के

4(Four)
(Q.Unit-I-B-2)

प्रति घृणित भाव को जगाया और संपूर्ण राष्ट्र अंग्रेजों के खिलाफ उठ खड़ा हुआ।

"अहिंसा परमोधर्मः, धर्म हिंसा तथैव च।"

श्रीमद्भगवत् गीता में भी यही संदेश निहित है कि व्यक्ति का परम धर्म अहिंसा है तथापि धर्म अर्थात् न्याय की स्थापना के लिए हिंसा भी आवश्यक हो जाती है। हालाँकि गीता में हिंसा का समर्थन न कर, केवल अपवाद की स्थिति में हिंसा करने की बात की है।

"अनीति न करें, न कराएँ, न औरों को करने दें।

-महात्मा गाँधी

3. जिला कलेक्टर, जैसलमेर की ओर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार को एक पत्र लिखें, जिसमें जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर–संयंत्र विषयक विवरण हो। अंक 10

राजस्थान सरकार
कार्यालय, जिला कलेक्टर, जैसलमेर, जैसलमेर।

फा.क्र 6(2)/सोलर-संयन्त्र/2022/190 दिनांक: 21.03.2022

सेवा में,
प्रमुख शासन सचिव
ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार
जयपुर (राज.)।

विषय: सोलर-संयन्त्र विवरण प्रस्तुत करने बाबत।
संदर्भ: जैसलमेर में सोलर पावर की क्षमता को बढ़ाने संबंधित केबिनेट की बैठक में, मांगा गया विवरण।

महोदय,
उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है, हाल ही में संपन्न केबिनेट की बैठक जैसलमेर में 5000 मेगावाट के नवीन संयन्त्र लगाने को मंजूरी मिली है। इस संदर्भ में लेख है कि वर्तमान में जैसलमेर में पाँच सोलर तथा पवन संयन्त्र कार्यरत हैं- जिनका विवरण निम्न

| स्थान | संयत्र का प्रकार | ऊर्जा क्षमता |
|---|---|---|
| अमरसागर - | पवन संयन्त्र - | 2 मेगावाट |
| ओंकला - | सोलर एवं पवन संयन्त्र - | 10 मेगावाट |
| ईधुआ | सोलर संयन्त्र | 5 मेगावाट |
| सोढ़ाबन्धन | पवन संयन्त्र | 2 मेगावाट |
| फतेहगढ़ | सोलर संयन्त्र - | 145 मेगावाट |

उक्त विवरण के संदर्भ में ध्यातव्य है कि वर्ष 2019 में राज्य सरकार ने पवन एवं हाइब्रिड ऊर्जा नीति को लागू किया है। अतः इस नीति का सर्वाधिक लाभ उठाने की अनुकूल परिस्थितियाँ जैसलमेर में उपलब्ध हैं।

संलग्न: विस्तृत विवरण तथा भू-माप रिपोर्ट सोलर एवं पवन ऊर्जा संयन्त्र, जैसलमेर

(राम किशोर)
जिला कलक्टर

प.क्र. 6(2) सोलरसंयन्त्र/2022/190-93 दिनांक: 21.03.2022

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है-

1. निजी सचिव, राज्यपाल महोदय, राजस्थान।
2. निजी सचिव, मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
3. सचिव, सोलर ऊर्जा विभाग, राजस्थान

(राम किशोर)
जिला कलक्टर

4(Four)
(Q.Unit-I-B-3)

4. नगर विकास न्यास, भरतपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनवाने के लिए निविदा सूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। अंक 10

राजस्थान सरकार

कार्यालय, अधिशासी अभियंता, नगर विकास न्यास, भरतपुर।

प.क्र. प(2)/अ.अ.न.वि.न्या/2022 दिनांक: 21.03.2022

निविदा सूचना संख्या- 2022/45

राज्यपाल महोदय की आज्ञानुसार समस्त पंजीकृत संवेदकों से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनाने के लिए मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। कार्य विवरण -

| कार्य विवरण | मद संख्या | निविदा प्राप्त करने की तिथि | निविदा जमा कराने की तिथि | धरोहर राशी | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| सेवर नाले पर पुलिया निर्माण | एक | दिनांक- 05 अप्रैल कार्यालय समय में | 10 अप्रैल दोपहर 12:00 तक | 2 लाख रुपये मात्र। | 20 हजार ₹ मात्र। |

नियम एवं शर्तें :-

① निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

② किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भरतपुर जिला सेशन कोर्ट रहेगा।
③ निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि ऑनलाइन ही जमा करानी होगी। जिसकी वेबसाइट - sppp.gov.in / e-proc.gov.in है।
④ समय पर कार्य पूर्ण न होने पर पेनल्टी तथा असंतोषजनक कार्य की स्थिति में धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
⑤ विस्तृत शर्तों हेतु www.sppp.gov.in तथा www.e-proc.gov.in पर विजिट करें।

अधिशाषी अभियंता

5.5(Five½)
(Q.Unit-I-B-4)

5. दिए गए अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए – अंक 10

A language is something infinitely greater than grammar and philology. It is the poetic testament of the genius of a race and a culture and the living embodiment of the thoughts and fancies that have moulded them. Words change their meaning from age to age and old ideas transform themselves into new, often keeping their attire. It is difficult to capture the meaning, much less the spirit, of an old word or phrase.

एक भाषा व्याकरण तथा शब्दकोष की तुलना कहीं बढ़कर होती है। यह एक संस्कृति तथा नस्ल एवं वहाँ रहने वालों के विचारों एवं कल्पनाओं की काव्यात्मक अभिव्यक्ति होती है, जिसे उन्होंने बनाया है। शब्द समय के साथ अपने अर्थ बदलते जाते हैं तथा पुराने विचार स्वयं को नवीन विचारों से रूपान्तरित कर लेते हैं, ऐसा अक्सर होता है। एक पुराने शब्द या कहावत का कम या ज्यादा सटीक अनुवाद कर पाना बहुत कठिन होता है, जो उसके सारतत्व को समझाता है।

4.5(Four½)
(Q.Unit-I-B-5)

## Part – C
## भाग – स

Marks : 20
अंक : 20

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – अंक : 20

(1) राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव
(2) सोशल मीडिया बनाम निजता
(3) प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग : दशा और दिशा

### सोशल मीडिया बनाम निजता

आज सड़क पर चलते हुए हर दूसरे व्यक्ति के हाथ में मोबाइल देखा जा सकता है, जिसका उपयोग वह बेखबर होकर सभी तरह की सूचनाओं को अग्रेषित करने तथा नए-नए एप्लीकेशन को शुरू करने की अनुमति में बिना दिशा निर्देश पढ़े ही 'यस' करता जाता है। सोशल मीडिया कंपनियाँ आम लोगों की इसी आदत का फायदा उठाकर, लोगों का निजी डाटा एकत्रित कर अपने लाभ के लिए उपयोग करते हैं।

आज के समय में ये ज्वलंत मुद्दा है कि सोशल मीडिया पर कितना प्रतिबंध लगाया जाए? निजता के हनन को किस प्रकार रोका जाए? इससे जुड़े कौन-कौन से मुद्दे हैं जो आम लोगों की समझ से अभी तक बाहर हैं? सोशल मीडिया पर निजता की सुरक्षा क्यों आवश्यक है। इन सभी मुद्दों पर विस्तार से

पड़ताल करने की आवश्यकता है।

सोशल मीडिया कंपनियाँ अपने किसी भी एप्लीकेशन को फोन में प्रारंभ करने पूर्व फोन बुक, फोटो गैलरी एक्सेस माँगती, जिनको मना करने पर वे एप काम ही नहीं करते। इस प्रकार की निजी सूचनाओं के द्वारा से कंपनियाँ ग्राहकों की पसंद - नापसंद तथा नेट सर्फिंग, कहीं पर आने-जाने का समय इत्यादि सब कुछ एकत्रित करती जाती हैं। तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बिग डेटा एनालिसिस द्वारा अध्ययन कर विभिन्न कंपनियों उत्पाद निर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों को इस डेटा को बेच देती हैं।

वर्तमान इनको नियंत्रित करने के लिए भारत में आईटी एक्ट - 2000 तथा साइबर कानून नियम, साइबर पॉलिसी - 2013, 2021 - के दिशानिर्देश प्रभावी हैं। भारत की माँग हमेशा से डेटा स्थानीयकरण की रही है ताकि कोई भी कंपनी अपनी मनमानी न कर सके।

इसी संदर्भ में कुछ माह पहले ऑस्ट्रेलिया ने फेसबुक कंपनी पर कई करोड़ का जुर्माना लगाया था, यूरोप में

भी ऐसा घटनाक्रम सामने आ चुका है।

भारत में प्रस्तावित डेटा प्रोटेक्शन-बिल-से इन कंपनियों उचित प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए, ताकि ये किसी ग्राहक की निजी सूचनाओं का बेजा इस्तेमाल न कर पाएँ और खासतौर पर महिलाओं की गरिमा का ख्याल रखा जाना चाहिए। इस संदर्भ में सभी देशों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने चाहिए।

8.5(Eight½)
(Q.Unit-I-C-1)

Paper-IV



(Unit – II)

(यूनिट – II)

General English

(80 Marks)

(80 अंक)

Part – A

Marks : 20

**Note:** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. **1-10**)

**Marks : 10**

1. Italy is an European country.

Italy is a European country.

1(One)

(Q.Unit-II-A-A-1)

2. Ramesh Gupta is a M.B.B.S.

Ramesh Gupta is an M.B.B.S.

1(One)

(Q.Unit-II-A-A-2)

3. The island was uninhabited except of sheep.

The island was uninhabited except these sheep.

0 (Zero)

(Q.Unit-II-A-A-3)

4. Divide the money between you all.

Divide the money among you all.

1(One)

(Q.Unit-II-A-A-4)

5. Did Sohan scratched your card?

Did Sohan scratch your card?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-5)

6. 120 miles are too far to travel.

120 miles are too far for travel.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-6)

7. May it snow this far South?

Can it snow this far south?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-7)

8. Let her told to wait here.

Let her told to wait there.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-8)

9. I asked her as to whether she would have a cup of tea.

~~I asked her~~
I requested her whether she would have a cup of tea.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-9)

10. What you would like to drink?

What you ~~could~~ will like ~~to dink~~ drink?

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-10)

(B) Choose the word similar in meaning (Q. No. 11-12) **2 × 1**

11. Insolent

rude/polite

Polite

× 0 (Zero) (Q.Unit-II-A-B-11)

12. Endorse

discredit/approve

approve

1(One) (Q.Unit-II-A-B-12)

(C) Choose the word opposite in meaning (Q. No. 13-14) **2 × 1**

13. Discreet

prudent/obtrusive

~~obs~~ obtrusive

1(One) (Q.Unit-II-A-C-13)

14. Deft

expert/amateur

amateur

1(One) (Q.Unit-II-A-C-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence (Q. No. **15-16**) 2 × 1

15. The army got discouraged and gave in/gave upon before the opponents.

The army got discouraged and gave in before the opponents.

1(One)
(Q.Unit-II-A-D-15)

16. I am going to have a catnap/dognap while you are cooking lunch.

I am going to have a dog nap while you are cooking lunch.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-D-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences (Q. No. **17-18**) 2 × 1

17. He was sitting besides/beside me when I was eating the cake.

He was sitting beside me when I was eating the cake.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-17)

18. He was confidant/confident that he would clear his exam.

He was confident that he would clear ~~this~~ his exam.

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-18)

(F) Write a one-word substitute for the following expressions (Q. No. **19-20**) **2 × 1**

19. A diplomatic representative of a country to another country.

Ambassdor

1(One)
(Q.Unit-II-A-F-19)

20. Showing independence in thoughts or actions.

Bold

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-F-20)

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow – (Q. No. **21-25**)

**Mark : 5 × 2 = 10**

The thoughtless, the ignorant and the indolent seeing only the apparent effect of things and not the things themselves talk of luck of fortunes and chance.

Seeing a man grow rich they say "How lucky he is!" Observing another become intellectual they exclaim, "How highly favoured he is!" And noting the saintly character and wide influence of someone else they remark, "How chance aids him at every turn!" They do not see the trials and failures and struggles which these men have voluntarily encountered in order to gain their experience, have no knowledge of the sacrifices they have made, of the undaunted efforts they have put forth, of the faith they have exercised that they might overcome the apparently insurmountable and realise the vision of their heart. They do not know the darkness and the heartaches, they only see the light and joy; do not see the long and arduous journey but only behold the pleasant goal and call it "good fortune"; do not understand the process but only perceive the results and call it "chance".

In all human affairs there are efforts and there are results and the strength of effort is the measure of the result. Chance is not. Gifts, powers, material, intellectual and spiritual possessions are the fruits of effort – they are thoughts completed, objects accomplished, visions realized.

21. Which people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance?

The thoughless, ~~and~~ the ignorant and the Indolent seeing the apparent effect of things, talk of luck, fourtune and Chance.

1(One)
(Q.Unit-II-B-A-21)

22. When do such people consider luck and chance to favour an individual?

People do consider luck and Chance to favour and individual when they see a rich man or an intellactual person.

0.25(Zero¼)
(Q.Unit-II-B-A-22)

23. What is needed to realize the vision of the heart?

The trials, failures and struggle as well as many more sacrifices are needed to realize the vision of the heart.

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-B-A-23)

24. What is the connection between efforts and results as stated in the passage?

Results are the fruits of efforts - they are thoughts completed, object accomplished, vision realized according to the passage.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-24)

25. Find a word in the passage that has the same meaning as the following:

Not intimidated or discouraged by difficulty, danger or disappointed.

Arduous

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-A-25)

(B) Translate the following sentences into English (Q. No. 26-30) **Marks 5 × 2 = 10**

26. बाल अपचारियों के पुनर्वसन के लिए सक्रिय न्यायिक एवं सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

There is a need of active judicious and social ~~efforts~~ to the rehabliton ~~of~~ for child criminals.

0.5(Zero½)
(Q.Unit-II-B-B-26)

27. मैं अब भी तुम्हारे साथ होने से ज्यादा खुश होना नहीं जानता।

Till now, I am not know ~~mor~~ become more happy without you.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-27)

28. उत्तर पुस्तिका में यथासंभव संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग ना करें व पूर्णरूप लिखें।

Whenever possible does not use acronym, write whole form.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-28)

29. कवि ने उर्मिला के चरित्र में एक स्त्री के दर्द एवं विरह की वेदना को बहुत सुन्दरता से ऊकेरा है।

The poet has described very beautifully agony and the sadness of virah, in the character of Urmila.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-29)

30. विद्यार्थियों के असंतोष से उत्पन्न अनुशासनहीनता का कारण उनकी यह भावना है कि उनके विचारों और आकांक्षाओं की बहुधा उपेक्षा की जाती है।

0 (Zero)
(Q.Unit-II-B-B-30)

(C) Make a precis of the following passage in about one-third of its length. **Marks 10**

31. We have heard about the term 'Cryptocurrency' which is blooming in the investment market today. This digital currency is taking the world to a new direction. According to a market research company more than 13,000 different cryptocurrencies exist in the world - to mention

a few names – Bitcoin, Ethereum, Cardano, Tether and the likes of them. Different countries have their different opinions on cryptocurrency. What exactly is cryptocurrency? It is a virtual currency which means it does not exist physically like other currencies. The word crypto currency is actually derived from the technique which is used to encrypt the network. One needs a 'wallet' an online app to hold the currency. There are two ways to gain it - by online investing or by mining cryptocurrency. Various countries have accepted cryptocurrency as legal tender, others have banned it. The rules for cryptocurrency are not very clear in India but talks are underway to recognize it.

Title: Cryptocurrency

Precis: Crypto currency is a digital currency. more than 3k differen cryptocurrencies exist in the world. It is available only virtuall. only two ways for gain it online investing and mining. many countries have accepted it as legal tender but not clear in India.

Total words: 120 worlds

Precis: $120 \times \frac{1}{3}$ = 40 words

1 (One)
(Q Unit-II-B-C-31)

## Part – C

**Marks : 30**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words. **Marks 10**

1. The 'Work-from-Home' culture
2. Freedom of Speech and Democracy
3. Impact of Modern Technology on Farming

Freedom of Speech and Democracy

In a democracy freedom of Speech is a Spirit of nation. It mean when freedome

of Speech not provide in democracy that this not democracy. In India Article-21 provides all persons the freedom of speech. In these day many person take misadvantage of it and use it as a weapon against the antithinkers, many time these hate speeches are converted a grave Crime. many people are dead by these hate speeches.

There fore it is not absolute right. there is many condition to conduct it a good manner and control way. The eletion commission of India is also made many provision to control for party leader, because they spread out fundamentalist thought among the people. By the way in a Democracy the freedom of speech practise with care full and mentain other societies concern.

3.5(Three½)
(Q.Unit-II-C-32)

33. Elaborate any one of the following themes in approximately **150** words. **Marks 10**

1. Child is the father of man.
2. Sweet are the uses of adversity.
3. No man should be condemned unheard.

1. Child is the father of man

It is very true that a glorious person gives trait in early child hood. there are many examples

to prove this like Swami vivekananda in child-hood he climbed up a tree and when their family member reached there to search him, they ask why does this act and Swamiji said A old man told me that if you meet to ghost climbed and wait.
It is also said -
"Fortune favours the brave."
Chatrapati Shivaji was also a brave child. one's a time when his teacher said that he had a stomach ache and want the milk of lioness than Shiva went bravely and returned with that milk.
In Rajastha Maharana pratap was also a bold child and faced many difficulties in their childhood that made him a entusiastic warrior.
Confucios a chinese philospher said -
"He who says he can and he who says he can't are both usally right."
So it is also true that - child is the fater of man.

3.5(Three½)
(Q.Unit-II-C-33)

34. Write a letter to the Joint Secretary, Department of Labour Welfare drawing attention to the govt. policy regarding 'no work no pay' complaining about the bank employees who went on strike on 20th, 21st & 22nd, January. (150 words) **Marks 10**

**OR**

Write a report on the research you have done on 'Industrial Waste Disposal' in your city in about **150** words.

Harimohan, Bansal
B-12, Barkat Nagar
Jaipur.
Date: 21.03.2022

The Joint Secretary,
Department of Labour welfare
Government of Rajasthan
Jaipur. (Raj.)

Subject: About the govt. policy regarding 'no work no pay.'

Honourable Sir.
I would like to draw your kind attention about the above mentioned subject that the Govt. of Rajasthan made a law for public setor employees 'no work no pay' if they go on strike without permission and ~~there~~ there is many provision to control strike and makes a respasible behavior with their costmors. Dispite of it the employees of

the Punjab national bank went on strike and they not informed to customers as well as concerned authorities, at 20th, 21th and 22nd, January. On account of it many customers face difficulties and they were not able to withdraw and deposite any ammount. We have made many complaints to the local authorities but not proper action has taken yet.

So, We are requested you to look into this matter personally and take proper action as well as possible.


We shall be highly obliged to you for this act.

Thanking you

Yours touly

Harimohan Bansal
(A Social worker)

4.5(Four½)
(Q.Unit-II-C-34)


NATARAJ®